सं.टी. तदेवाह अहमित्यादिसप्तभिः। परः देहादन्य आत्माऽहंशब्देन शब्दइत्युपलक्षणं प्रत्ययस्यापि वि- ख्यातः प्रसिद्धः किंलक्षण इत्यत आह एकइति एक एव स्थित एवेति प्रत्येकमवधारणं तुशब्दः पूर्वोक्तादात्मनः स्थूलदेहस्य वैलक्षण्यद्योतकः।स्थूलो देहकः देहएव देह- कः स्वार्थे कः प्रत्ययः कथं पुमान् पुरुषः आत्मा स्यान्न कथंचिदित्यर्थः देहस्यानात्मत्वे हेतुमाह अनेकतामिति अनेकतां परस्परं भिन्नतां प्राप्तः एवं तमःप्रकाशवदति विलक्षणत्वेपि देहस्यात्मत्वं ब्रुवन्नतिमूढत्वादुपेक्ष्य इति भावः ॥ ३१ ॥

भा. टी. अहं शब्द करकै कहाजायहै और एकहै और सबसे उत्कृष्टहै तब किसप्रकार स्थूल अनेकताको प्राप्त देहमय होसकै है ॥ ३१ ॥

**अहं द्रष्टतया सिद्धो देहो दृश्यतया स्थितः ॥ ममायमितिनिर्देशात्कथं स्याद्देहकः पुमान् ॥ ३२ ॥**

सं.टी.तदेवातिवैलक्षण्यं दर्शयति अहमिति । अहमहंशब्दप्रत्ययालंबन आत्मा द्रष्टृतया शब्दादिविषयप्रकाशकतया सिद्धः शब्दंशृणोमीत्यादिव्यवहारेण प्रसिद्धः देहस्तु दृश्यतया शब्दादिवत्प्रकाश्यतया स्थितः तत्र हेतुमाह ममेति ममायं देह इति घटादिवत्स्वीयसंबंधितया निर्देशात् व्यवहारात् एवमुभयोर्वैलक्षण्ये सति कथं देहकः पुमान् स्यादिति व्याख्यातार्थश्चतुर्थपादः एवमग्रेपि बोद्धव्यम् ॥ ३२ ॥

भा. टी. यह मेरा है इस प्रकार निर्देश करनेसे आत्मा द्रष्टा ( देखने वाला ) देह दृश्य ( देखने लायक ) है.इसप्रकार प्रतीत होयहै । फिर आत्मा किसप्रकार देहमय हो सकै है ॥ ३२ ॥

**अहं विकारहीनस्तु देहो नित्यं विकारवान्॥इति प्रतीयते साक्षात्कथं० ॥३३॥**

सं.टी. पुनर्वैलक्षण्यांतरमाह अहमिति अहं व्याख्यातार्थः विकारहीनः जायतेस्तीत्यादिषड्विकारहीनः तुवैलक्षण्ये देहो नित्यं सर्वकालं विकारवान् अत्रकिंप्रमाणमत आह इतीति इति साक्षात् प्रत्यक्षप्रमाणेन प्रतीयते अनुभूयते एवं सतिकथं स्याद्देहकः पुमानिति ॥ ३३ ॥

भा. टी. आत्मा विकाररहित है और देह सदा विकारवान् है ऐसा साक्षात् प्रतीत होय है फिर किस प्रकार आत्मा देहमय होसकै है ॥ ३३ ॥

यस्मात्परमिति श्रुत्या तयापुरुषलक्ष-
णम् ॥ विनिर्णीतं विमूढेन कथं०॥ ३४॥

सं.टी.एवं युक्त्या देहात्मनोर्वैलक्षण्यमुक्त्वा श्रुत्या-प्याह यस्मादिति। "यस्मात्परं नापरमस्तिकिंचिद्यस्मा-न्नाणीयो नज्यायोस्तिकश्चित्। वृक्षइव स्तब्धो दिवि ति-ष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णंपुरुषेण सर्वम्" इति तया प्रसिद्धया तैत्तिरीयश्रुत्याकृत्वेति करणे तृतीया पुरुषस्यात्मनो ल-क्षणं विमूढेन विगतमूढभावेनातिचतुरेण श्रुत्यर्थविवेच-नकुशलेनेत्यर्थः इयं कर्तरितृतीया विनिर्णीतं विचार्य स्थापितं अन्यत्पूर्ववत् यद्वा श्रुत्येति कर्तृपदमस्मिन्प-क्षे विमूढेनेति देहात्मवादिनं प्रति संबोधनं विमूढानां इन स्वामिन् मूर्खशिरोमणित्वादेव श्रुतिं नाद्रियस इ-तिभावः ॥ ३४ ॥

भा. टी. " यस्मापरं नापरमस्ति किञ्चित् यस्मान्नाणीयो नज्यायोऽस्तिकश्चित्। वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्" इति श्रुतिः। अर्थात् जिससे पर अपर कुछ नहीं है जिससे और उत्कृष्ट नहीं है जिससे कोई सक्ष्म नहीं है जिससे कोई प्रधान नहीं है जो एक आत्मा वृक्षकी तरह स्तब्ध होकर स्वर्गमें वर्तमान है वही आत्मा इस सम्पूर्ण जगत्को परिपूर्ण रखताहै। इस श्रुतिसे परमात्माका लक्षण निर्णयकिया गया है फिर वह आत्मा किस प्रकार देहमय होसक्ताहै॥ ३४॥

सर्वपुरुषएवेति सूक्ते पुरुषसंज्ञिते॥ अ-
प्युच्यते यतः श्रुत्या कथं० ॥ ३५ ॥

सं. टी. नकेवलमनयैकया श्रुत्या विनिर्णीतं किंत्व-न्ययापीत्याह सर्वमिति। यतो हेतोः श्रुत्या वेदाख्यपरदेवतया 'पुरुषएवेदंसर्वम्' इति पुरुषसंज्ञिते सूक्तेप्युच्यते पुरुषलक्षणमिति पूर्वश्लोकादध्याहारः अतः कथं स्यादितिपूर्ववंत् ॥ ३५ ॥

भा. टी. "पुरुष-एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्" इति श्रुतिः।जो कुछ दृष्टिगोचर होयहै सो सब आत्मस्वरूपहै और जो कुछ हुआ और जो कुछ होयगा सर्व आत्मस्वरूप है। इस श्रुतिसे कहा हुआ परमात्मा देहमय किस प्रकार होसकै है ३५

असंगः पुरुषः प्रोक्तो बृहदारण्यके
ऽपिच॥अनंतमलसंश्लिष्टःकथं०॥३६॥

सं.टी.अपरयापि श्रुत्यैवमेव निर्णीतामित्याह असंग-इति। "असंगो ह्ययं पुरुषः" इति श्रुत्या बृहदारण्यके वाजसनेयोपनिषदि पुरुषः असंगः प्रोक्तः देहकस्त्वनंतमलसंश्लिष्टः कथं पुमान्स्यादिति ॥ ३६ ॥

भा. टी, "असंयोगोयंपुरुषः" आत्मा सङ्गहीन है यह बृहदारण्यक उपनिषद्की श्रुति है इस श्रुतिसेभी आत्मा असंग सिद्ध होताहै और देह नानाप्रकारके मलोंकरकै लिपटा हुआ फिर किसप्रकार आत्मा देहमय होसकै है ॥ ३६ ॥

तत्रैव च समाख्यातः स्वयंज्योतिर्हि पू-
रुषः ॥ जडः परप्रकाश्योऽसौ कथं० ३७॥

सं. टी. तत्रैवान्यप्रकारेणापि देहात्मनोर्वैलक्षण्यं निरूपितमित्याह तत्रैवेति । तत्रैव बृहदारण्यक एवेत्यर्थः अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिर्भवतीति श्रुत्या स्वयंज्योतिः पुरुषः समाख्यातः हीति विद्वत्प्रसिद्धिं द्योतयति असौ घटादिवदृश्योऽत एव परप्रकाश्यस्तत एव जडो देहकः कथं पुमान् स्यादिति व्याख्यातम् ॥ ३७ ॥

भा. टी. "पूरुषोज्योतिर्मयः" पुरुष स्वयंप्रकाश ज्योतिस्वरूपहै यह श्रुति उसी बृहदारण्यक उपनिषद्में लिखीहै इससे आत्मा तौ ज्योतिःस्वरूपहै और देह जड़है घटादिकोंकी तरह परप्रकाश्यहै फिर किसप्रकार आत्मा देहमय हो सकै है ॥ ३७ ॥

प्रोक्तोऽपि कर्मकांडेन ह्यात्मा देहाद्वि-
लक्षणः ॥ नित्यश्च तत्फलं भुंक्ते देहपा-
तादनंतरम् ॥ ३८ ॥

सं. टी. अथास्तामिदं ज्ञानकांडं कर्मकांडेपिदेहात्मनो भेद एवनिर्णीत इत्याहप्रोक्तइति॥हियस्मात्कर्मकांडेनापि "यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्" इत्यादिरूपेण कर्मप्रतिपादकेन वेदभागेनेत्यर्थः आत्मा देहाद्विलक्षणः प्रोक्तः कथमित्यतआह नित्य इति नित्यत्वं च कुतइत्यतआह

तदिति देहपातादनंतरं तत्फलमनित्यं कर्मफलं यत आत्मा भुंक्तेऽतो नित्य इत्यर्थः चकारात् न्यायसांख्या दावप्येवमेव देहात्मनोर्भेदो वर्णित इति दर्शितम् ॥३८॥

भा. टी. "यावज्जीवमग्निहोत्रं जुहुयात्" "अहरहः सन्ध्या मुपासीत" । जबतक जिये अग्निहोत्र करै । प्रतिदिन सन्ध्या करै । इत्यादि कर्मकाण्डमेंभी आत्मा देहसे अलग नित्य देहपात होनेके अनन्तर कर्मोंके फलोंका भोगनेवाला कहाहै इसप्रकारभी आत्मा देहातीतसा प्रतीत होयहै ॥ ३८ ॥

**लिंगं चानेकसंयुक्तं चलं दृश्यं विकारि च॥ अव्यापकमसद्रूपं तत्कथं स्यात्पुमानयम् ॥ ३९ ॥**

सं.टी. नन्वेवंसति वेदांतिनामपसिद्धांतःस्यादित्यत आह लिंगमिति । लिंगं लिंगशरीरं तत्परोक्षादिधर्मविशिष्टं अयं नित्यापरोक्षस्वभावः पुमान् कथं स्यान्नकथंचिदित्यर्थः चकारात्कारणशरीरमपि निराकृतं अनयोरपिभेदे लिंगदेहस्य वैलक्षण्यसूचकानि विशेषणान्याह अनेकेति अनेकसंयुक्तं देवमनुष्यादिनानास्थूलशरीरसंबंधयुक्तं यद्वा श्रोत्रादिबुद्ध्यंतसप्तदशकलासंयुक्तं तथा चलं चंचलं मनःप्रधानत्वादित्यर्थः पुनर्दृश्यं ममेदं श्रोत्रं ममेदं मन इत्यादिममतास्पदत्वेनात्मन उपसर्जनभूतं च पुनर्विकारि उपचयादिमत् अव्यापकं परि-

च्छिन्नमसद्रूपमात्मज्ञानकबोध्यं च अत्रेदमाकूतं यद्यपि लिंगशरीराध्यासे नात्मनः कर्तृत्वभोक्तृत्वादिभावस्तथाप्यात्मनः स्वतस्तदभावज्ञानेनाऽध्यासनिवृत्तावकर्तृत्वाभोक्तृत्वादिभावसिद्धिरिति वेदांतिनां न किंचिदपसिद्धांतोऽन्यवादिति मंगलम् ॥ ३९ ॥

भा. टी. लिङ्ग और कारण इन दोप्रकारका शरीर नाना प्रकारके शरीरोंके सम्बन्ध करकै युक्त चञ्चल विकारी एकदेशमें रहनेवाला और असत्स्वरूप है फिर किसप्रकार देह मय आत्मा होंसकै है ॥ ३९ ॥

**एवं देहद्वयादन्य आत्मा पुरुषईश्वरः ॥ सर्वात्मा सर्वरूपश्च सर्वातीतोहमव्ययः ॥ ४० ॥**

सं.टी. इदानीं पूर्वोक्तमर्थमुपसंहरति एवमिति । एवं पूर्वोक्तप्रकारेण देहद्वयात् स्थूलसूक्ष्मलक्षणादन्यो भिन्न आत्मा कोऽसावित्यत आह पुरुष इति पुरुषः शरीराधिष्ठाता तर्हि किं जीवः नेत्याह ईश्वर इति तत्र हेतुः सर्वात्मेति तर्ह्यद्वैतहानिः स्यादित्यत आह सर्वरूप इति एवंसति विकारित्वं स्यादित्यतआह सर्वातीत इति एतादृश आत्माचेदस्ति तर्हि कुतो नोपलभ्यत इत्यतआह अहमिति अहंप्रत्यक्षोऽहंशब्दप्रत्ययालंबनत्वेन सर्वदोपलब्धिस्वरूप इत्यर्थः तर्ह्यहंकारः स्यान्नेत्याह अव्यय

इति अव्ययः अपक्षयादिविकारशून्यः अहंकारसाक्षीति भावः ॥ ४० ॥

भा. टी. इसप्रकार आत्मा स्थूल और सूक्ष्म दोनों प्रकारके देहोंसे अलगहै और ईश्वर है सर्वव्यापक है सर्वरूप है सर्वसे अतीतहै ( अर्थात् जिससे परै और कोई नहीं है सबसे श्रेष्ठ है ) अहम्शब्द करकै कहा जाय है भूत भविष्यत वर्तमान तीनों कालमें एकरस है ॥ ४० ॥

**इत्यात्मदेहभागेन प्रपंचस्यैव सत्यता ॥ यथोक्ता तर्कशास्त्रेण ततः किंपुरुषार्थता ॥ ४१ ॥**

सं.टी. अथेदानीमात्मनो देहद्वयातिरिक्तत्वप्रतिपादनमनर्थकमिति शंकते इतीति । इति पूर्वोक्तप्रकारेण वर्णितेनात्मदेहविभागेन प्रपंचस्यैव सत्यता तथोक्ता यथा तर्कशास्त्रेण ततः प्रपंचसत्यत्वप्रतिपादनात्किंपुरुषार्थता कुत्सितपुरुषार्थत्वं भयनिवृत्त्यभावादित्यर्थः "द्वितीयाद्वै भयं भवति" इति श्रुतेः ॥ ४१ ॥

भा. टी. तर्कशास्त्र अर्थात् न्याय शास्त्रके माननेवालोंने इस आत्मा और देहमें भेदबुद्धिकरके न्याय शास्त्रमें जो प्रपञ्चकी सत्यता कही है ( अर्थात् परमाणुको नित्य मानकर ईश्वरको निमित्तकारण संसारकी उत्पत्ति मानी है ) उसको

स्वीकार करते हैं तिसकी अपेक्षा और पुरुषार्थता क्या होगी ॥ ४१ ॥

**इत्यात्मदेहभेदेन देहात्मत्वं निवारितम्॥इदानीं देहभेदस्य ह्यसत्त्वं स्फुटमुच्यते ॥ ४२ ॥**

सं. टी. भेदज्ञानस्याभेदज्ञानंप्रति कारणत्वादात्मदेहविभागकथनं नानर्थकमित्याह इतीति । इति पूर्वोक्तेनात्मदेहभेदेनात्मनो देहात्पृथक्करणेन देहस्यैव प्राप्तं चार्वाकमतेनात्मत्वं तन्निवारितं इदानीमुत्तरग्रंथेन तस्य देहभेदस्यासत्त्वमात्मसत्तातिरिक्तसत्ताराहित्यं स्फुटं स्पष्टं यथास्यात्तथा हीतिप्रसिद्धमुच्यते ॥ ४२ ॥

भा. टी. इस प्रकार नैय्यायिकोंने आत्माका और देहका भेद दिखाकर देहको आत्मत्व निवारण किया है । सो अब देह आत्माके भेद असत्ता स्पष्ट दिखावैं है ॥ ४२ ॥

**चैतन्यस्यैकरूपत्वाद्भेदो युक्तो न कर्हिचित् ॥ जीवत्वं च मृषा ज्ञेयं रज्जौ सर्पग्रहो यथा ॥ ४३ ॥**

सं. टी. तदेवाह चैतन्यस्येति।चैतन्यस्य सर्वभूतभौतिकप्रपंचाधिष्ठानप्रकाशस्य घटःप्रकाशते पटः प्रकाशते इत्यादिष्वेकरूपत्वादेकाकारत्वाद्धेतोः कर्हिचित्क-

स्यांचिदवस्थायामपि भेदो नयुक्तो नयथार्थइत्यर्थः त-
र्हिजीवभेदःसत्यः स्यादित्यत आह जीवत्वमिति जीवत्वं
चकारोप्यर्थः मृषा मिथ्या ज्ञेयं तदुपाधेरेवांतःकरणादे-
र्मायामयत्वादित्यर्थः । अधिष्ठानसत्यत्वेन कल्पितस्य
मिथ्यात्वबोधे दृष्टांतमाह रज्जाविति यथारज्जौ तदज्ञा
नात् वक्रतादिसादृश्येन मंदांधकारे सर्पग्रहः सर्पबु-
द्धिरव्युत्पन्नस्य भवति न तु व्युत्पन्नस्य तथैवात्मन्या
त्माज्ञानात् प्रकाशसादृश्यादविशेषप्रकाशे चिज्जडग्रं
थिरूपचिदाभासभ्रमो भवत्यविवेकिनां न तु विवेकिना
मिति वेदांतसिद्धांतरहस्यम् ॥ ४३ ॥

भा, टी. चैतन्यको (भूत भौतिक प्रपञ्चका जो आधान है उसको चैतन्य कहते हैं ) एकरूप होनेसे और आत्माको चैतन्यस्वरूप होनेसे देह और आत्माका भेद कभीभी युक्ति युक्त नहीं है जिसतरह रज्जुमें वह सर्पका भ्रम होय है वास्तव में वह सर्प नहीं होय है तिसीप्रकार आत्मासे भिन्न जीवका मानना वृथा है ॥ ४३ ॥

**रज्ज्वज्ञानात् क्षणेनैव यद्वद्रज्जुर्हि स-**
**र्पिणी ॥ भाति तद्वच्चितिः साक्षाद्वि-**
**श्वाकारेण केवला ॥ ४४ ॥**

सं.टी. इदानीं पूर्वोक्तमेव दृष्टांतं विवृण्वन् सर्वस्यापि प्रपंचस्य ब्रह्मरूपतामाह रज्ज्विति । केवलेति विशेषणेन

पूर्वावस्थामपरित्यज्यावस्थांतरप्राप्तिलक्षणविवर्तोपादान त्वमेवोक्तं नारंभोपादानत्वं नापि परिणामोपादानत्व मिति बोध्यं अन्यत् स्पष्टम् ॥ ४४ ॥

भा. टी. जिस समय रज्जुके स्वरूपका अज्ञान होय है (अर्थात् यह रज्जुहै जब ऐसा ज्ञान नहीं होयहै) तब रज्जुमें भ्रान्ति होयहै (अर्थात् अज्ञानसे रज्जुको सर्प समझै है) इसी प्रकार जिससमयपर्य्यन्त आत्माका ज्ञान नहीं होयहै तबतक अज्ञानवशसे आत्माके विषयमें पुरुष नाना प्रकारकी कल्पना करैहै ॥ ४४ ॥

**उपादानं प्रपंचस्य ब्रह्मणोऽन्यन्न विद्यते ॥ तस्मात्सर्वप्रपंचोयं ब्रह्मैवास्ति न चेतरत् ॥ ४५ ॥**

सं. टी. अत्र हेतुं दर्शयन् पूर्वोक्तमुपसंहरति उपादानमिति । यस्मात्प्रपंचस्याकाशादिदेहांतस्य जगद्विस्तारस्य ब्रह्मणो मायाशबलाच्चैतन्यादन्यत्परमाणवो यद्वा प्रकृतिरुपादानं कारणविशेषो न विद्यत इति "तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः संभूतः" इत्यादिश्रुतेः तस्माद्धेतोरिति स्पष्टमन्यत् ॥ ४५ ॥

भा. टी. ब्रह्मके सिवाय इस प्रपञ्चका उपादान कारण और कोई नहीं होसकैहै इसकारण सम्पूर्ण प्रपञ्च ब्रह्मही है (अर्थात सर्व संसार ब्रह्मस्वरूप है) और कुछ नहीं है ॥४५॥

**व्याप्यव्यापकता मिथ्या सर्वमात्मेति शासनात् ॥ इति ज्ञाते परे तत्त्वे भेदस्यावसरः कुतः ॥ ४६ ॥**

सं. टी. ननु व्याप्यव्यापकतारूपे भेदे जाग्रति सति कथं प्रपंचस्य ब्रह्मतेत्याशंक्याह व्याप्येति । व्याप्यमांतरं व्यापकं बाह्यं तयोर्भावो मिथ्या घटाकाशादिवत् कल्पितत्वादसन्नित्यर्थः तत्रप्रमाणमाह सर्वमिति "इदं ब्रह्मेदं क्षत्रमिति प्रकृत्येदं सर्वंयदयमात्मा" इत्यादिश्रुतिरूपेश्वराज्ञाबलादित्यर्थः ततः किमत आह इतीति इति ज्ञाते इत्यादिसुगमम् ॥ ४६ ॥

भा. टी. "ब्रह्मैव सर्वमपरं नहि किञ्चिदस्ति" जो कुछ है आत्माहै और कुछ नहीं है ऐसा कहनेसे आत्माका व्याप्यव्यापकभाव मिथ्या है ऐसा प्रतीयमान होता है इसप्रकार सर्वोत्कृष्ट अर्थात् सबसे श्रेष्ठ आत्माके जाननेपर भेदका तौ अवसरही नहींहै ॥ ४६ ॥

**श्रुत्या निवारितं नूनं नानात्वं स्वमुखेन हि ॥ कथं भासो भवेदन्यः स्थिते चाद्वयकारणे ॥ ४७ ॥**

सं. टी. ननु प्रत्यक्षेणभासमानो व्याप्यव्यापकभावः कथं मिथ्येत्याशंक्याह श्रुत्येति नूनमिति निश्चये हीति

प्रसिद्धौ श्रुत्या "नेह नानास्तिकिंचन" इत्यादिरूपयेत्यर्थः। नानात्वं निवारितं तेन च नानात्वनिवारणेनाद्वयकारणेऽभिन्ननिमित्तोपादाने ब्रह्मणि स्थिते सति भासो व्याप्यव्यापकतादिप्रतिभासाः कार्यभूतोऽन्यः स्वकारणातिरिक्तः कथं भवेन्नकथं चिदित्यर्थः ॥ ४७ ॥

भा. टी. वेदकी श्रुति साक्षात् आप जगत्का नानात्व निवारण करै है इसप्रकार ब्रह्म अद्वितीय अर्थात् कारण होनेकरकै किसप्रकार भेदज्ञान होसकै है ॥ ४७ ॥

दोषोपि विहितः श्रुत्या मृत्योर्मृत्युं स गच्छति॥ इह पश्यति नानात्वं माया वंचितो नरः ॥ ४८ ॥

सं. टी. किंच भेददृष्टेर्दोषश्रवणादपि कारणादभिन्नमेव कार्यमित्याह दोषइति। "मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति" इत्यादिरूपया श्रुत्येत्यर्थः तत्र मृत्योरनंतरं मृत्युं जननमरणपरंपरामित्यर्थः स्पष्टमन्यत् ॥ ४८ ॥

भा. टी. "मृत्योः स मृत्युमाप्नोति यइह नानेव पश्यति" अर्थात् जो संसारको नानारूप माना है उसको वारंवार जन्म मृत्यु नरक भोग करना पडैहै।इत्यादि श्रुतिद्वारा जो नानात्व प्रदर्शन करै हैं। उनको दोष होयहै ऐसाभी कहाहै।

मनुष्य मायासे वञ्चित होकर जगत्के नानात्वका अनुभव करै है ॥ ४८ ॥

ब्रह्मणः सर्वभूतानि जायंते परमात्मनः ॥ तस्मादेतानिब्रह्मैव भवंतीत्यवधारयेत् ॥ ४९ ॥

सं.टी. तर्हि किं कुर्यादित्यत आह ब्रह्मण इति । बृहत्त्वादपरिच्छिन्नत्वाद्ब्रह्म तद्रूपात्परमात्मनः सर्वाणि भूतानि जायंते उत्पद्यंते जायंतइति स्थितिप्रलययोरप्युपलक्षणं "यतोवा इमानि भूतानि जायंते" इत्यादिश्रुतेः यस्मादेवं तस्माद्धेतोरेतानि भूतानि ब्रह्मैव भवंति सन्मात्रब्रह्मरूपाणीत्यवधारयेन्निश्चिनुयादिति ॥ ४९ ॥

भा. टी. "यतो वा इमनि भूतानि जायन्ते" इतिश्रुतिः अर्थात् जिससे प्राणी उत्पन्न होतेहैं इत्यादि श्रुतिसे समस्त प्राणी ब्रह्मसेही उत्पन्न होते हैं इसीकारण सबही ब्रह्मस्वरूप हैं ऐसा निश्चय है ॥ ४९ ॥

ब्रह्मैवसर्वं नामानि रूपाणि विविधानिच॥ कर्माण्यपि समग्राणि बिभर्तीति श्रुतिर्जगौ ॥ ५० ॥

सं. टी. ननु नानानामरूपकर्मभेदेन विचित्राणि भूतानि कथं ब्रह्मात्मकानीत्याशंक्याह ब्रह्मैवेति "त्रयं वा इदं नाम रूपं कर्म" इति बृहदारण्यकश्रुतिर्जगौ गायनं

कृतवती स्वाधिकारिणः श्रावयामासेत्यर्थः। किमित्यत आह ब्रह्मैव सर्वनामान्याकाशादिदेहांतान् संज्ञाविशेषान् च पुनर्विविधानि रूपाण्यवकाशादिद्विपदांतान् नानाविकारविशेषान् अपिशब्दश्चार्थे रूपग्रहणं गंधादिग्रहणस्याप्युपलक्षणं समग्राणि कर्माण्याकाशप्रदानादीनि स्नानशौचादीन् क्रियाविशेषानपि बिभर्त्ति रज्ज्वादिकमिव सर्पादिप्रतिभासं दधात्यधिष्ठानदर्शनशून्यान् प्रति दर्शयतीत्यर्थः ॥ ५० ॥

भा. टी. ब्रह्मही सम्पूर्ण प्रकारके नाम और नाना प्रकारके रूप धारणकरता है और नानाप्रकारके कर्म्म धारण करताहै। ऐसा साक्षात् श्रुति कहती है ॥ ५० ॥

**सुवर्णाज्जायमानस्य सुवर्णत्वं च शाश्वतम्॥ ब्रह्मणो जायमानस्य ब्रह्मत्वं च तथा भवेत् ॥ ५१ ॥**

सं. टी. अत्र लोकप्रसिद्धं दृष्टांतमाह सुवर्णेति सुगमम् ॥ ५१ ॥

भा. टी. जिसप्रकार सुवर्णसे कटक कुण्डलादिक बनाये जाते हैं जबतक कुण्डलादि आकार रहा तबलों रहा फिर गलानेसैं सुवर्णका सुवर्णही होजाता है इसी प्रकार यह ब्रह्मसैं उत्पन्न हुआ संसार जबलौं किसी आकारमें रहता है तबलौं रहताहै अन्तमें आकर दूर होने पर ब्रह्मही होता है ॥ ५१ ॥

स्वल्पमप्यंतरं कृत्वा जीवात्मपरमात्मनोः ॥ यः संतिष्ठति मूढात्मा भयं तस्याभिभाषितम् ॥ ५२ ॥

सं. टी: एवं कर्तृकर्मादिकारकघटस्यैकाधिष्ठानरूपत्वे सिद्धेपि भेददर्शिनो भयमाह स्वल्पेति । स्वल्पमप्यंतरमुपास्योपासकरूपं भेदं कृत्वा कल्पयित्वा यास्तिष्ठति तस्य भयं भाषितम् "यदा ह्येवैष एतस्मिन्नुदरमंतरं कुरुते अथ तस्य भयं भवति" इत्यादिश्रुत्येत्यर्थः ॥ ५२ ॥

भा. टी. जो पुरुष जीवात्मा और परमात्मामें कुछभी भेद करै है और मानै है वह मूढ पुरुष भयको प्राप्त होय है अर्थात उसके चित्तको कदापि शान्ति नहीं होयहै ॥ ५२ ॥

यत्राज्ञानाद्भवेद्द्वैतमितरस्तत्रपश्यति॥ आत्मत्वेन यदा सर्वं नेतरस्तत्र चापवापि ॥ ५३ ॥

सं. टी: ननु प्रकाशतमसोरिवपरस्परविरुद्धस्वभावयोर्द्वैताद्वैतयोः कुत एकाधिकरणत्वमित्याशंक्यावस्थाभेदादित्याह यत्रेति यत्र यस्यामज्ञानावस्थायां अज्ञानेन द्वैतमिव भवेत्तत्रतस्यामज्ञानावस्थायाम् "इतरोऽन्योऽन्यत्पश्यति यत्रहि द्वैतमिव भवति तादितर इतरं पश्यति तादितर इतरं जिघ्रति तादितर इतरं शृणोति

तदितर इतरमभिवदति तदितर इतरं मनुते तदितर इतरं विजानातीति यत्र वाऽन्यदिव स्यात्तत्रान्योन्यत्पश्येदन्योन्यज्जिघ्रेदन्योऽन्यद्रसयेत्" इत्यादिश्रुतेः चशब्दः पूर्वोक्ताद्वैलक्षण्यं सूचयति यदा यस्मिन् ज्ञानकाले सर्वमात्मत्वेन भवेत् तत्र तस्मिन् ज्ञानकाले इतरोऽण्वपि किंचिदप्यन्यन्नपश्यति यत्रवा "अस्य सर्वमात्मैवाभूत्तत्केन कं पश्येत्तत्केन कं जिघ्रेत्" इत्यादिश्रुतेः सकार्याज्ञाननिवृत्त्या न द्वैतमिति भावः॥५३॥

भा. टी. जिस अवस्थामें अज्ञान वशसे द्वैत होयहै उसी अवस्थामैं एक पदार्थ दूसरे पदार्थका दर्शन करै है जब आत्मज्ञान होजाय है तब किसीको कुछ अन्य नहीं मालूम होयहै ॥ ५३ ॥

यस्मिन्सर्वाणि भूतानि ह्यात्मत्वेन विजानतः ॥ न वै तस्य भवेन्मोहो न च शोकोऽद्वितीयतः ॥ ५४ ॥

सं. टी. ननु द्वैतादर्शने कः पुरुषार्थ इत्याशंक्य तत्प्रतिपादिकाम्"यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः" इति श्रुतिमर्थः पठति यस्मिन्निति। यस्मिन्निवस्थाविशेषे सर्वाणि भूतान्यात्मत्वेनात्मभावेन विजानतः अपरोक्षेण साक्षात्कुर्वतोऽधिकारिणः पुरुषस्य तस्येति षष्ठी

सत्तम्यर्थे तस्मिन्नवस्थाविशेषे वै निश्चयेन मोहो भ्रमो नभवेच्च पुनः शोको व्याकुलतापि न भवेत् उभयत्र हेतुः अद्वितीयतः तत्कारणाभावादित्यर्थः ॥ ५४ ॥

भा. टी. जिस अवस्थामें पुरुष सर्व प्रपंचको आत्मरूप मानै है उस अवस्थामें मनुष्यको अद्वैतज्ञान होनेसे शोक मोह नहीं होयहै ॥ ५४ ॥

**अयमात्मा हि ब्रह्मैव सर्वात्मकतया स्थितः ॥ इति निर्द्धारितं श्रुत्याबृहदारण्यसंस्थया ॥ ५५ ॥**

सं. टी. शोककारणद्वैताभावे प्रमाणमाह अयमिति "सवा अयमात्मा ब्रह्म विज्ञानमयः" इत्यादिरूपयेत्यर्थः । शेषंस्पष्टम् ॥ ५५ ॥

भा. टी. "सवा अयमात्मा ब्रह्मविज्ञानमयः" परमात्मस्वरूप ब्रह्मही सर्वात्मकरूप स्थितहै ऐसा बृहदारण्य उपनिषद्की श्रुतिने निश्चय किया है ॥ ५५ ॥

**अनुभूतोऽप्ययंलोकोव्यवहारक्षमोऽपि सन् ॥ असद्रूपो यथास्वप्न उत्तरक्षणबाधतः ॥ ५६ ॥ स्वप्नोजागरणेऽलीकः स्वप्नेपि जागरो नहि ॥ द्वयमेव लये नास्ति लयोपि ह्युभयोर्न च ॥ ५७ ॥**

सं. टी. नन्वयंलोक एव तत्कारणे सति कथं शोकाद्यभाव उच्यत इत्याशंक्य सदृष्टांतमाह अनुभूत इति स्पष्टम् ॥ ५६ ॥ दृष्टांतं विवृण्वन्नुक्तन्यायमन्यत्राप्यतिदिशति स्वप्न इति अलीको मिथ्या द्वयं स्वप्नजागरणे लये सुषुप्तौ शेषं स्पष्टम् ॥ ५७ ॥

भा. टी. जिस प्रकार स्वप्नावस्थामें स्वप्न देखाहुआ पदार्थ सम्पूर्ण सत्स्वरूप मालूम पडै है स्वप्नसे दूसरेक्षणमें जगते ही सब असत् स्वरूप हो जाय है इसी प्रकार इस संसारका व्यवहार सत्य मालूम होयहै और असत् स्वरूप होयहै जाग्रत् अवस्था में स्वप्न मिथ्या मालूम होयहै स्वप्ना अवस्थामें जाग्रत मिथ्या मालूम होय है और सुषुप्ति अवस्थामें स्वप्न जाग्रत् दोनों मिथ्या होयहैं इसी प्रकार स्वप्न और जाग्रत अवस्थामें सुषुप्ति मिथ्या प्रतीत होयहै ॥ ५६ ॥ ५७ ॥

त्रयमेवं भवेन्मिथ्या गुणत्रयविनिर्मितम् ॥ अस्य द्रष्टा गुणातीतो नित्यो ह्येकश्चिदात्मकः ॥ ५८ ॥

सं. टी. उक्तमुपसंहरन्फलितमाह त्रयमिति त्रयं जाग्रदाद्यवस्थात्रयमेव मुक्तपरस्परव्यभिचारेण मिथ्या मिथ्यात्वे हेतुः गुणेति गुणत्रयविनिर्मितं मायाकल्पितमित्यर्थः तर्हि किंसत्यमतआह अस्येति अस्यअवस्थात्रयस्य शेषंस्पष्टम् ॥ ५८ ॥

भा. टी. सतोगुण रजोगुण तमोगुणसे बने हुए जाग्रत स्वप्न सुषुप्ति तीनो ऊपर कहे हुए प्रकारसे मिथ्या होयहैं इन तीनों अवस्थाओंका साक्षी गुणातीत अर्थात गुणरहित चिन्मय अर्थात् चैतन्य स्वरूप सत्य है ॥ ५८ ॥

**यद्वन्मृदि घटभ्रांतिं शुक्तौ वा रजतस्थितिम् ॥ तद्वद्ब्रह्माणिजीवत्वं वीक्ष्यमाणे न पश्यति ॥ ५९ ॥**

सं. टी. नन्ववस्थात्रयं मिथ्याभवतु जीवस्तु सत्यः स्यादित्याशंक्य सदृष्टांतमुत्तरमाह यद्वादिति ब्रह्माणि वीक्ष्यमाणे आत्मत्वेन साक्षात्कृते सति जीवत्वं न पश्यतीत्यन्वयः अन्यत्स्पष्टमेव ॥ ५९ ॥

भा. टी. यदि आत्मामें गुणत्रय मिथ्या है तौ जीवही सत्य हो तहां कहै है । जिस प्रकार मृत्तिकामें घटकी भ्रान्ति है परन्तु घट नष्ट होनेपर मृत्तिकाही दृष्टिगोचर होयहै और जैसे शुक्तिमें चांदीकी भ्रान्ति होय है और जब समीपजाके देखै है तों सीपी होयहै इसी प्रकार जबतक आत्माका ज्ञान नहीं होय तब जीव है ऐसी प्रतीति होय है परंतु ब्रह्मका साक्षात्कार होनेसे जीवको नहीं देखै है ॥ ५९ ॥

**यथामृदि घटोनामकनकेकुण्डलाभिधा ॥ शुक्तौ हिरजतख्यातिर्जीवशब्दस्तथा परे ॥ ६० ॥**

सं. टी. अज्ञानावस्थायां प्रतीयमानो यो जीवब्रह्मभेदः स नाममात्र इति बहुदृष्टांतैराह यथेति रजतस्य ख्यातिराख्या नामेति यावत् परे परब्रह्मणि जीवशब्दस्तथा शेषं स्पष्टम् ॥ ६० ॥

भा. टी. अज्ञान अवस्थामें जो जीव ब्रह्मका भेद भासै है सो केवल नाममात्र होय है वस्तुतः मृत्तिका होय परन्तु घट ऐसा नाममात्र होयहै और सुवर्ण होयहै परन्तु कटक कुण्डल ऐसा नाममात्र होयहै सीपी होयहै परन्तु मायावश पुरुष रजत कहने लगै है इसी प्रकार वस्तुतः ब्रह्म होय है तबभी ब्रह्ममें जीवसंज्ञा होयहै सो नाममात्र है वस्तुतः मिथ्या है ॥ ६० ॥

यथैवव्योम्निनीलत्वं यथानीरं मरुस्थले ॥ पुरुषत्वं यथास्थाणौ तद्वद्विश्वं चिदात्मनि ॥ ६१ ॥

सं. टी. न केवलं जीव एव नाममात्रः किंतु सर्वंविश्वमपि ब्रह्मणि नाममात्रमित्यनेकदृष्टांतैराह यथैवेति स्पष्टम् ॥ ६१ ॥

भा. टी. केवल जीवही नाममात्र नहींहै किन्तु सम्पूर्ण विश्वही नाममात्र है जैसे आकाशमें वस्तुतः कुछ नहीं है परन्तु नीलापन मालूम होयहै और जैसे मारवाडकी भूमिमें वस्तुतः जल नहीं है परन्तु भ्रान्तीसे जल मालूम होय है और जैसे अन्धकार दोषसे रात्रिमें ठूंठ पुरुष मालूम होय है परन्तु वस्तुतः

पुरुष है नहीं इसी प्रकार यह संसार परमात्मा ब्रह्मके विषै भिन्न और सत्यसा प्रतीत होय है परन्तु वस्तुतः कुछभी नहीं है ॥ ६१ ॥

**यथैवशून्ये वैतालो गंधर्वाणांपुरंयथा ॥ यथाकाशे द्विचंद्रत्वं तद्वत्सत्ये जगत्स्थितिः ॥ ६२ ॥**

सं. टी. नाममात्रप्रपंचस्य मिथ्यात्ववासनादाढर्च्यार्थे ममेवार्थं बहुभिर्लोकप्रसिद्धदृष्टांतैःप्रपंचयति यथैवशून्य इत्यादित्रिभिः शून्ये निर्जने देशे वैतालः अकस्मादाभासमानो भूतविशेषः गंधर्वपुरस्यापि शून्याधिष्ठानत्वं ज्ञेयं गंधर्वनगरं नाम राजनगराकारो नीलपीतादिमेघरचनाविशेषः आकाशे स्पष्टमन्यत् ॥ ६२ ॥

भा. टी. जिसप्रकार निर्जन स्थानमें अकस्मात् प्रत्यक्ष होकर वैताल ( भूत विशेष ) मालूम होयहै परन्तु वस्तुतः मिथ्या होयहै और जैसे निर्जन स्थानमें नीले पीले मेघोंसे बना हुवा गन्धर्वोंका नगर मालूम होने लगे है परन्तु वहभी वस्तुतः मिथ्या होयहै और जैसे आकाशमें किसी समय किसी कारण भ्रान्तिसे दो चंद्रमा मालूम होने लगे हैं इसी प्रकार सत्यस्वरूप आत्मामें जगत सत्यसा प्रतीत होयहै वस्तुतः सत्य नहीं है ॥ ६२ ॥

**यथातरंगकल्लोलैर्जलमेवस्फुरत्यलम् ॥**

पात्ररूपेण ताम्रंहि ब्रह्मांडौघैस्तथा-
त्मता ॥ ६३ ॥

सं. टी. यथा तरंगेति सुगमम् ॥ ६३ ॥

भा. टी. जिसप्रकार जलही तरङ्गरूप देखनेमें आवैहै और ताम्रही पात्राकार देखनेमें आवैहै इसीप्रकार आत्माही ब्रह्माण्डाकार होकर दृष्टिगोचर होयहै ॥ ६३ ॥

घटनाम्नायथा पृथ्वी पटनाम्नाहि तं-
तवः॥जगन्नाम्नाचिदाभाति ज्ञेयं तत्तद्
भावतः ॥ ६४ ॥

सं. टी. किंच घटेति तत्र पादत्रयं स्पष्टं ननु किमनेन मिथ्यात्ववासनादार्ढ्येनेत्यत आह ज्ञेयमिति तद्भावतो नामाभावतस्तद्ब्रह्म ज्ञेयम् "वाचारंभणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" इत्यादिश्रुतेः ॥ ६४ ॥

भा. टी. जैसे संसार मृत्तिका घटनाम करके प्रसिद्ध होय है और तन्तु पटनाम करकै प्रसिद्ध होयहै इसीप्रकार जीव नाम करकै संसारमें चिद्रूप आत्मा प्रसिद्ध होयहै सो मिथ्या है क्योंकि संसारके व्यवहारके वास्ते नाम संकेत मात्र होयहै ॥ ६४ ॥

सर्वोपि व्यवहारस्तु ब्रह्मणा क्रियते ज-
नैः ॥ अज्ञानान्न विजानंति मृदेव हि घ-
टादिकम् ॥ ६५ ॥

सं. टी. ननु " यत्र हि द्वैतमिव भवति " इत्यादि श्रुत्यर्थदर्शनेनावस्थात्रये विदेहमोक्षावुक्तौ नतु जीवन्मोक्षःइत्याशंक्याहःसर्वइति सर्वोपि लौकिको वैदिकश्चेति शेषंस्पष्टम् ,अयं भावः अज्ञाननिवृत्तिरेवं जीवन्मुक्तिर्नतु द्वैतादर्शनमिति ॥ ६५ ॥

भा. टी. लोककी जीवन्मोक्षअवस्था दिखावैं हैं क्यौं कि ("यत्र हि द्वैतमिव भवति") जिसमें ज्ञान होनेपर द्वैतकेसा व्यवहार किया जायहै वह जीवन्मोक्ष विदेह 'मोक्ष' सै विलक्षण तीसरी अवस्था कहलावैहै तिस जीवन्मोक्ष अवस्थामें सब लोक परब्रह्मके नियमानुसार सब प्रकार लौकिक और वैदिक कार्य्य करै है ऐसाहै संसारी पुरुष तबभी अज्ञानवशसे कोईभी ब्रह्मको जाननेको समर्थ नहीं होयहै जैसे यद्यपि घट मृत्तिकाही है तथापि मृत्तिका कहनेको समर्थ नहीं होयहै आशय यहहै कि लोक यह नहीं जाने है कि लोकव्यवहारकेही कारण द्वैत व्यवहार किया जायहै वस्तुतः अज्ञानकी निवृत्तिका नाम ज्ञान है और लोकव्यवहारमेंभी अद्वैत व्यवहार करनेका नाम ज्ञान नहीं है ॥ ६५ ॥

कार्यकारणतानित्यमास्ते घटमृदोर्यथा ॥ तथैवश्रुतियुक्तिभ्यां प्रपंचब्रह्मणोरिह ॥ ६६ ॥

सं. टी. तत्रहेतुं सदृष्टांतमाह कार्येति "यथा सौम्यै-

केन मृत्पिंडेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्यात्" इत्यादिश्रुतिः युक्तिस्तु कार्यकारणयोरन्यत्वे एककारणज्ञानात्सर्वकार्यज्ञानं न स्यादित्यादि। सुगममन्यत् ॥ ६६ ॥

भा. टी. जैसे सदा घट और मृत्तिकाका कार्य्यकारण भाव देखनेमें आवैहै तिसी प्रकार श्रुतियोंसे और युक्तियोंसे प्रपञ्च अर्थात् जगत् और ब्रह्मका कार्य्य कारण भाव जाना जायहै ॥ ६६ ॥

गृह्यमाणेघटेयद्वन्मृत्तिकायातिवैबलात् ॥ वीक्ष्यमाणेप्रपंचेपि ब्रह्मैवाभाति भासुरम् ॥ ६७ ॥

सं. टी. कार्यकारणयोरनन्यत्वमेव दृष्टांतेन स्पष्टयति गृह्यमाण इति भासुरं प्रमाणनिरपेक्षतयैव भासनशीलं स्पष्टमन्यत् ॥ ६७ ॥

भा. टी. जैसे घटके विषयमें विचार करते करते अन्तमें मृत्तिकाही निश्चय होयहै इसीप्रकार इस संसारके विषयमें विचार करते करते विना प्रमाणोंके प्रकाशवान् ब्रह्मही प्रतीति होय है ॥ ६७ ॥

सदैवात्मा विशुद्धोस्ति ह्यशुद्धो भाति वैसदा ॥ यथैव द्विविधारज्जुर्ज्ञानिनोऽज्ञानिनोऽनिशम् ॥ ६८ ॥

सं. टी. ननु ब्रह्मणि भासमाने प्रपंचो न भासेतेत्या

शंक्यावस्थाभेदेनोभयमपि भासत इति सदृष्टांतमाह सदैवेति तत्रज्ञानिनः सदैवात्मा विशुद्धः अज्ञानतत्कार्यप्रपंचमलरहितत्वान्निष्प्रपंचोस्ति अज्ञानिनस्तु सदैवाशुद्धोऽस्तीति भ्रमाद्विभाति वैहीति. तत्प्रसिद्धौ उभयत्रापि दृष्टांतः यथेति यथा रज्जुर्ज्ञानिनः सर्पाभावतया निर्विषत्वेनाभयंकरी अज्ञानिनस्तु सर्परूपतया विपरीतत्वेन भयंकरीति द्विविधा भाति अयंभावः ब्रह्म यद्यपि स्वयंप्रकाशत्वेन सदा भात्येव तथापि वृत्त्यारूढत्वेन पुरुषार्थोपयोगीति ज्ञानिनः प्रतिभाति नाज्ञानिनः सूर्यदीपादिरिवचक्षुष्मदंधयोरितिदिक् ॥ ६८ ॥

भा. टी. जैसे एकहीरज्जु अज्ञानी पुरुषोंको भ्रमसे सर्प मालूम होयहै और ज्ञानवान् पुरुषोंको रज्जुही मालुम होजाय है इसीप्रकार एकही परमात्मा सर्वदा ज्ञानियोंको शुद्धस्वरूप और प्रकाशवान् मालूम होयहै .और अज्ञानियोंको शुद्धस्वरूप और प्रकाशवान् नहीं मालूम होयहै वस्तुतः परमात्मा शुद्धस्वरूप और प्रकाशवान्है ॥ ६८ ॥

यथैवमृन्मयः कुंभस्तद्वदेहोपिचिन्मयः ॥ आत्मानात्मविभागोयं मुधैवक्रियतेऽबुधैः ॥ ६९ ॥

सं. टी. नन्वात्मा यदि सदैव निष्प्रपंचत्वेन भाति तर्हि किमर्थं देहात्मभेदो वर्णित इत्याशंक्याविवेकिनो

देहव्यतिरिक्तात्मबोधार्थं विवेकिनस्तु व्यर्थं एवेति सदृष्टांतमाह यथेति तत्राऽबुधैरित्यऽकारप्रश्लेषे सुधैवाक्रियते अपि तु नेति काकुव्याख्यानम् अन्यत्सर्वं सुगमम्॥६९॥

भा. टी. यदि आत्मा सदा निष्प्रपञ्च भासमान होयहै तब आत्मा और देहका भेद क्यों कर दिखायाहै। ऐसी शंका होनेपर कहैं हैं। जैसे कुम्भ मृत्तिकामय होयहै तिसीप्रकार देह चैतन्यस्वरूप आत्ममय होयहै इसीकारण ज्ञानी पुरुषको तौ आत्मा और देहका भेद मिथ्याहै ॥ ६९ ॥

सर्पत्वेनयथारज्जू रजतत्वेनशुक्तिका॥
विनिर्णीताविमूढेन देहत्वेनतथात्मता७०॥

सं. टी. इदानीमविवाकनः कल्पितदेहतादात्म्यं सदृष्टांतमाह सर्पत्वेनेति ॥ ७० ॥

भा. टी. जिसप्रकार अज्ञानी पुरुष रज्जुको सर्प मानलेयहै और सीपीको चांदी मानलेयहै इसीप्रकार आत्माको देह अज्ञानीकी कल्पनारूप निर्णय करै है ॥ ७० ॥

घटत्वेनयथापृथ्वी पटत्वेनैवतंतवः ॥
विनिर्णीता विमूढेन देहत्वेन तथात्मता ॥ ७१ ॥

सं. टी. घटत्वेनेति ॥ ७१ ॥

भा. टी. जैसे अज्ञानी पुरुष मृत्तिकाको घट मानैहै और

तन्तुओंको पट मानै है तिसी प्रकार आत्माको देहरूप निर्णय करै है ॥ ७१ ॥

कनकं कुंडलत्वेन तरंगत्वेनवैजलम् ॥
विनिर्णीता० ॥ ७२ ॥

सं. टी. कनकमिति ॥ ७२ ॥

भा. टी. जिस प्रकार अज्ञानी पुरुष सुवर्णकूं कुंडल मानै है और जलको तरङ्गरूप मानै है तिसी प्रकार आत्माको देहरूप निर्णय करै है ॥ ७२ ॥

पुरुषत्वेयथास्थाणुर्जलत्वेनमरीचिका ॥
विनिर्णीता० ॥ ७३ ॥

सं. टी. पुरुषत्व इति ॥ ७३ ॥

भा. टी. जिसप्रकार अज्ञानी पुरुष शाखाहीन वृक्ष अर्थात् ठूंठवृक्षको पुरुषरूप मानैहै और मरुमरीचिकाको जलरूप मानै है तिसी प्रकार आत्माको देह रूप निर्णयकरै है ॥ ७३ ॥

गृहत्वेनैव काष्ठानिखड्गत्वेनैवलोहता ॥
विनिर्णीता० ॥ ७४ ॥

सं. टी. गृहत्वेनेति सर्पत्वेनेत्यादि पंचानामप्येतेषां श्लोकानामर्थः स्फुटतर एवास्त्यतो न व्याख्यानं कृतम् ॥ ७४ ॥

भा. टी. जिसतरह बहुत सारे काष्ठोंके समूहको अज्ञानी घर मानलेयहै और लोहेको तलवार मानलेयहै तिसीप्रकार आत्माको देहरूप निर्णय करै है ॥ ७४ ॥

**यथा वृक्षविपर्यासो जलाद्भवति कस्यचित् ॥ तद्वदात्मनि देहत्वं पश्यत्यज्ञानयोगतः ॥ ७५ ॥**

सं. टी. नन्वन्यथा निर्णये किंकारणमितिचेत्तदज्ञानमेवेति सदृष्टांतमाह यथा वृक्षेत्यादि द्वादशभिः॥७५॥

भा. टी. जिस जलमें वृक्षकी छाया पडै है और अज्ञानी पुरुष उस प्रतिबिम्बकोही साक्षात् वृक्षमान लेय तिसीप्रकार अज्ञानवशसे इस आत्मामें देहका ज्ञान है ॥ ७५ ॥

**पोतेन गच्छतः पुंसः सर्वं भातीवचंचलम् ॥ तद्वदा० ॥ ७६ ॥**

सं. टी. पोतेनेति पोतेन नौकया स्पष्टमन्यत्॥७६॥

भा. टी. जिस प्रकार जिहाजनौकामें चढकर जानेवाले पुरुषको सब चलताहुआ मालूम होय है तिसी प्रकार अज्ञानवशसे इस आत्मामें देहका ज्ञानहै ॥ ७६ ॥

**पीतत्वं हियथा शुभ्रे दोषाद्भवति कस्यचित् ॥ तद्व० ॥ ७७ ॥**

सं. टी. पीतत्वमिति ॥ ७७ ॥

भा. टी. जिस प्रकार किसी पुरुषको पित्तदोषसे कमल वाय हो जाय है और श्वेत वस्तुभी पीली मालूम होने लगैहै तिसी प्रकार अज्ञान वशसे इस आत्मामें देहका ज्ञानहै ॥७७॥

**चक्षुभ्यां भ्रमशीलाभ्यां सर्वं भातिभ्रमात्मकम् ॥ तद्व० ॥ ७८ ॥**

स. टी. चक्षुभ्यांमिति ॥ ७८ ॥

भा. टी. जिस प्रकार किसी पुरुषके नेत्रोंमें भ्रम होय है अर्थात् घूमनेकी बेमारी होयहै उस पुरुषको सम्पूर्ण पदार्थ घूमते हुए मालूम होयहैं तिसी प्रकार अज्ञानवशसे इस आत्मामें देहका ज्ञान है ॥ ७८ ॥

**अलातं भ्रमणेनैव वर्तुलं भाति सूर्यवत् ॥ तद्वदा० ॥ ७९ ॥**

सं. टी. अलातमिति ॥ ७९ ॥

भा.टी. जिसप्रकार जलाहुआ मुराड घुमानेसे वह सूर्य्यकी नाईं वर्त्तुलाकार मालूम होयहै तिसी प्रकार अज्ञानवशसे इस आत्मामें देहका ज्ञानहै ॥ ७९ ॥

**महत्त्वे सर्ववस्तूनामणुत्वं ह्याति दूरतः॥ तद्वदा० ॥ ८० ॥**

सं. टी. महत्त्व इति हीति सर्वलोकप्रासिद्धौ ॥८०॥

भा. टी. जिस प्रकार बहुत बडी वस्तुभी अत्यन्त दूरसे

अतिसूक्ष्मकी तरह दीखै है तिसी प्रकार अज्ञानवशसे इस आत्मामें देहका ज्ञानहै ॥ ८० ॥

**सूक्ष्मत्त्वेसर्वभावानां स्थूलत्वं चोपनेत्रतः ॥ तद्वद्दा० ॥ ८१ ॥**

सं. टी. सूक्ष्मत्वेइति ॥ ८१ ॥

भा. टी. जिस प्रकार अतिसूक्ष्म वस्तुओंकाभी उपनेत्र अर्थात् दूरवीन आदिसे अतिस्थूल वस्तुकी तरह बोध होय है तिसी प्रकार अज्ञान वशसे इस आत्मामें देहका ज्ञानहै ॥ ८१ ॥

**काचभूमौजलत्वंवा जलभूमौहिकाचता ॥ तद्वद्दा० ॥ ८२ ॥**

सं. टी. काचभूमाविति ॥ ८२ ॥

भा. टी. जिस प्रकार काँचकी भूमिमें जलकी बुद्धि होय है और जलकी भूमिमें काँचकी बुद्धि होयहै तिसी प्रकार अज्ञान वशसे आत्मामें देहज्ञान है ॥ ८२ ॥

**यद्वदग्नौ मणित्वं हि मणौ वा वह्नितापुमान् ॥ तद्वदा० ॥ ८३ ॥**

सं. टी. यद्वदिति ॥ ८३ ॥

भा. टी. जिस प्रकार भ्रमसे अग्निमें मणिकी बुद्धि होय है और मणिमें अग्निकी बुद्धि होय है तिसी प्रकार अज्ञान वशसे आत्मामें देहका ज्ञानहै ॥ ८३ ॥

अभ्रेषु सत्सु धावत्सु सोमो धावति भाति वै ॥ तद्वदा० ॥ ८४ ॥

सं. टी. अभ्रेष्विति ॥ ८४ ॥

भा. टी. जिस प्रकार आकाशमें मेघोंके दौडनेसे चन्द्रमा दौडतासा मालूम होय है तिसी प्रकार अज्ञान वशसे आत्मा में देहका ज्ञान है ॥ ८४ ॥

यथैवदिग्विपर्यासो मोहाद्भवति कस्य चित् ॥ तद्वदा० ॥ ८५ ॥

सं. टी. यथेति : यथावृक्षेत्यादिश्लोकानां स्फुटार्थ त्वात्पिष्टपेषणतुल्यत्वेन न व्याख्यानं कृतम् ॥ ८५ ॥

भा. टी. जिस प्रकार मोह वशसे किसीको दिशाओंमें भ्रम होय है तिसी प्रकार अज्ञान वशसे आत्मामें देहका ज्ञान है ॥ ८५ ॥

यथाशशी जले भाति चंचलत्वेन कस्य चित् ॥ तद्वदा० ॥ ८६ ॥

सं. टी. यथाशशीति शशीत्युपलक्षणं सूर्यादीना मपि शेषं स्पष्टम् ॥ ८६ ॥

भा. टी. जिस प्रकार किसीको किसी समय जलके हिलनेसे चन्द्रका प्रतिबिम्ब हिलनेसे चन्द्रमा हिलैहै ऐसा बोध होय इसी प्रकार अज्ञान वशसे आत्मामें देहका ज्ञानहै ॥ ८६ ॥

एवमात्मन्यविद्यातो देहाध्यासो हि जायते ॥ एवमात्मपरिज्ञानाल्लीयते च परात्मनि ॥ ८७ ॥

सं. टी. एवं द्वादशाभिः श्लोकैरुक्तमर्थमुपसंहरति एवमिति एवमुक्तेनप्रकारेणात्मन्यविद्यातः आत्माज्ञानात् देहाध्यासो मनुष्योहमित्यादिबुद्धिर्जायते भवतीति प्रसिद्धौ नन्वेतस्य निवृत्तिः कुतोभवेदिति चेदात्मज्ञानादेवेत्याहोत्तरार्धेन सइति सएव देहाध्यास एवात्मपरिज्ञानात् ब्रह्मात्मैक्यसाक्षात्कारात्परात्मनि अज्ञानतत्कार्यरहिते प्रत्यगभिन्ने ब्रह्मणि लीयते ब्रह्मस्वरूपेणावतिष्ठते नह्यधिष्ठानंविनाऽऽरोपितस्य स्वरूपमस्ति चकारादध्यासकारणमज्ञानमपि लीयतइतिअन्यथाऽध्यासलयाभावादित्यर्थः नहि कारणे सतिकार्यस्य लयः संभवति तस्मादात्मज्ञानादेव सकारणकार्याध्यासनिवृत्तिरित्यलं पल्लवितेन ॥ ८७ ॥

भा. टी. इस प्रकार आत्मामें देहाध्यास अर्थात् देह ज्ञान होय है और जब आत्माका तत्वपरिज्ञान होयहै तब वह देहाध्यास परमात्मामें लीन होजाय है अर्थात् देहका ज्ञान आत्मज्ञानमें लय होजाय है ॥ ८७ ॥

सर्वमात्मतयाज्ञातं जगत्स्थावरजंग

मम् ॥ अभावात्सर्वभावानांदेहस्य चा-
त्मता कुतः ॥ ८८ ॥

सं. टी. एतदेव विवृणोति सर्वामिति आत्मता देह-
स्य नेत्यर्थः स्पष्टमन्यत् ॥ ८८ ॥

भा. टी. जब स्थावर जङ्गम सम्पूर्ण जगत् आत्मस्वरूप मालूम होने लगै है तब सब पदार्थोंके अनित्य होनेसे देह जो आत्मा किस प्रकार होसकै है अर्थात् कभीभी नहीं होय है ॥ ८८ ॥

आत्मानंसततंजानन्कालंनयमहाद्यु-
ते ॥ प्रारब्धमखिलंभुंजन्नोद्वेगंकर्तुम-
र्हसि ॥ ८९ ॥

सं. टी. ननु ज्ञानिनो निष्प्रपंचात्मतया मम किंस्यात् ब्रह्मण्यभोजनेनान्यस्तृप्यतीतिचेदतआह आत्मानमि-
ति भोमहाद्युते कामादिपराभवेन स्वहितसाधनोन्मु-
खस्त्वं आत्मानं प्रत्यगभिन्नं सततं आसुप्तिमृतिपर्यंतं जानन् वेदांतवाक्यैर्विचारयन् कालं नयातिक्रामस्व विचारसाध्यज्ञानानंतरं चाखिलं प्रारब्धं चरमदेहारं-
भकं कर्म भुंजन् सुखदुःखाभासानुभवेन क्षपयन्समुद्वेगं कर्तुनार्हसीत्यर्थः ॥ ८९ ॥

भा.टी. हे महामते ! सदा आत्माको जानता हुआ समयको व्यतीत कर समस्त प्रारम्भ किये हुए कर्म्मके फलको भोगता हुआ उद्वेग मत कर ॥ ८९ ॥

उत्पन्नेप्यात्मविज्ञाने प्रारब्धंनैवमुंचति ॥ इतियच्छ्रूयतेशास्त्रे तन्निराक्रियतेऽधुना ॥ ९० ॥

सं. टी. वस्तुतस्तु प्रारब्धमेव नास्ति कुतोभोगः भोगाभावे कुत उद्वेगकारणं तदभावेच कुतस्तरां तन्निषेधोपदेश इतिवेदांतसिद्धांतरहस्यं वक्तुं प्रतिजानत आचार्याःउत्पन्नः इति अत्रेयं प्रक्रिया जगत्प्रतीतिस्त्रिधा लौकिकी शास्त्रीयानुभाविकी चेति तत्राद्या पारमार्थिकी द्वितीयाऽपरमार्थिकी तृतीयातुप्रातिभासिकी तासां निवृत्तिस्तु क्रमात् वेदांतश्रवणादित्रयसा क्षात्कारप्रारब्धक्षयै भवति नान्यथेति तत्रेयं प्रतिज्ञाऽन्यप्रतीत्यभिप्रायेणेतिज्ञातव्यं श्लोकार्थस्तु स्फुट एव ॥ ९० ॥

भा. टी. आत्मज्ञान होने परभी पुरुष कर्म्मफलका त्याग नहीं करै है ऐसा शास्त्रोंमें सुननेंमें आवे है उसका अब हम निराकरण आर्थात् खण्डन करैं हैं ॥ ९० ॥

तत्त्वज्ञानोदयादूर्ध्वं प्रारब्धं नैव विद्यते ॥ देहादीनामसत्त्वात्तु यथास्वप्नोविबोधतः ॥ ९१ ॥

सं. टी. तदेवाह तत्त्वेति ज्ञानेन सर्वव्यवहारकारणा-

१ व्यावहारिकी ।

ज्ञाननिवृत्तौ प्रारब्धाभावइति श्लोकार्थः । पदार्थस्तु स्फुटएव ॥ ९१ ॥

भा. टी. तत्त्वज्ञानके अनन्तर प्रारब्ध अर्थात् कर्म्मफल नहीं रहताहै क्योंकि जैसे स्वप्नमें नानाप्रकार विचित्र विचित्र प्रकार देखनेमें आवैं हैं और जब पुरुष जगैहै तौ सबझूटे होजायहैं इसी प्रकार आत्मज्ञान होनेसे देहादि असत् स्वरूप मालूम होने लगैं हैं और जब देहादिक असत् हुए हैं तब प्रारब्ध कर्म्म और उनके फलभी असत्स्वरूप होजायहैं॥ ९१ ॥

**कर्मजन्मांतरीयं यत्प्रारब्धमितिकीर्तितम् ॥ तत्तुजन्मांतराभावात्पुंसोनैवास्तिकर्हिचित् ॥ ९२ ॥**

सं. टी. इदानीं प्रारब्धशब्दं व्युत्पादयन्नुक्तमुपसंहरति कर्मेति तत्र कर्म त्रिविधं संचितक्रियमाणप्रारब्धभेदात् तन्मध्ये भाविदेहारंभकं संचितं तथावर्तमान देहनिर्वर्त्त्यंक्रियमाणं प्रारब्धंतु वर्तमानदेहारंभकं तत्र यद्यपि संचितं जन्मांतरीयमेव तथापि भाविदेहस्य तत्प्रारब्धमेव भवति तेनेदं सिद्धमात्मनः स्वतः कर्तृत्वाभावात्कालत्रयेपि जन्मनास्तीति सर्वमवदातम् ॥ ९२॥

भा.टी. पूर्व जन्मके कर्म्म प्रारब्ध कहैं हैं और जब पुरुषको तत्त्वज्ञान होय है फिर जन्म नहीं होयहै यदि जन्म नहीं हुआ तौ कर्मका भोक्ता कोन होय इस कारण तत्त्वज्ञान होनेके

अनन्तर पुरुष कर्म्मफलका भोक्ता नहीं होयहै। जन्म नहीं होनेमें यह श्रुति प्रमाणहै ("न स पुनरावर्त्तते") ॥ ९२ ॥

स्वप्नदेहोयथाध्यस्तस्तथैवायंहि देहकः ॥ अध्यस्तस्य कुतोजन्म जन्माभावे हि तत्कुतः ॥ ९३ ॥

सं. टी. पूर्वोक्तं दृष्टांतं विवृण्वन्सकारणजन्माभावे युक्तिमाह स्वप्नेति जन्माभावे तत्प्रारब्धं कुतः स्पष्टमन्यत् ॥ ९३ ॥

भा. टी. स्वप्नके देहकी तरह यह देह अध्यस्त (विनष्ट) है फिर जन्म किसप्रकार होसकै है इससे किसप्रकार प्रारब्ध अर्थात् पर्व जन्मके कर्म्मफलको भोगसकै है। क्योंकि जब जन्महोय तौ कर्म्म भोगै जन्मही नहीं तौ कर्म्म कहां ॥ ९३ ॥

उपादानं प्रपंचस्य मृद्भांडस्येवकथ्यते ॥ अज्ञानं चैववेदांतैस्तस्मिन्नष्टेक विश्वता ॥ ९४ ॥

सं. टी. ननु देहादिप्रपंचस्य यतोवेत्यादिश्रुतेः सत्य ब्रह्मजन्यत्वात्कथंप्रातिभासिकत्वमितिचेदुच्यते उपादानमिति अत्र कारणं द्विविधं निमित्तोपादानभेदात् तत्र निमित्तं नामोत्पत्तिमात्रकारणं उपादानंतूत्पत्तिस्थितिलयकारणं तत्र वेदांतैः ' मायांतु प्रकृतिं वि

द्यात्' इत्यादिभिः प्रपंचस्योपादानमज्ञानं पठ्यते च-कारादब्रह्मापि अत्रायंभावःनकेवलं ब्रह्मैव जगत्कारणंनि र्विकारत्वात् नापि केवलमज्ञानं जडत्वात् तस्मादुभयं मिलित्वैव जगत्कारणंभवतीति "सत्यानृते मिथुनी-करोति" इत्यादिश्रुतेः तत्रदृष्टांतभांडस्य कटकरका-देर्मृदिव मृत्पिंडइव तत्र जलस्थाने ब्रह्म पिंडीकरण-सामर्थ्यसाम्यादज्ञानं तु मृत्तिकास्थाने आवरकत्वसा-म्यात् तत्र ब्रह्मणोऽविनाशित्वाद्ब्रह्मज्ञानेन तस्मिन्नज्ञा-न एव नष्टेसति विश्वता जीवजगदीश्वरात्मकजगद्भावः क्व नक्वाप्यस्तीत्यर्थः॥ ९४ ॥

भा. टी. जैसे घटके मृत्तिका और जल दो उपादान कारणहैं इसी प्रकार प्रपञ्चकेभी ब्रह्म और अज्ञान दो उपादान कारणहैं ऐसा वेदान्त शास्त्रोंके प्रमाणसे जाना जायहै और जब उपादान स्वरूप अज्ञानहीका नाश होगया तौ फिर संसार कहां और जब संसार नहीं तौ कर्म्मभोगभी नहीं ॥ ९४ ॥

**यथारज्जुं परित्यज्य सर्पं गृह्णाति वै भ्रमात्॥ तद्वत्सत्यमविज्ञाय जगत्प-श्यति मूढधीः॥ ९५ ॥**

सं. टी. मिथुनीभावस्यैव जगत्कारणत्वं सदृष्टांतं प्रपंचयति यथारज्जुमिति॥ ९५ ॥

भा. टी. जैसे भ्रम वशसे रज्जुमें सर्पका ज्ञान होजाय और सर्पमें रज्जुज्ञान होनेसे मूढ पुरुष सर्पको पकडलेय हैं

तिसी प्रकार सत्स्वरूप ब्रह्मको नहीं जानके जगत्को सत्स्वरूप मानै है और फँसरहै है ॥ ९५ ॥

रज्जुरूपेपरिज्ञाते सर्पखंडंनतिष्ठति ॥
अधिष्ठानेतथाज्ञाते प्रपंचः शून्यतां गतः ॥ ९६ ॥

